तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 20 जनवरी 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4

वनांचल क्षेत्र में पीडीएस की व्यवस्था चरमराई तीन माह से पहाड़ी कोरवाओं को नहीं मिला चावल



## खबर संक्षेप

### जिले में 22, 26 एवं 30 जनवरी को बंद रहेगा पशुवध कार्य

**कोरबा।** नगर निगम क्षेत्रांतर्गत संचालित समस्त वधशालाओं एवं मांस विक्रय की दुकानों को दिनांक 22, 26 एवं 30 जनवरी को पूर्ण रूप से बंद रखा जाएगा। इन तिथियों में किसी प्रकार का पशुवध न होगा और न ही मांस का विक्रय होगा। निगम द्वारा 22 जनवरी को श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा दिवस, 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस एवं 30 जनवरी को गांधी निर्वाण दिवस के विशिष्ट अवसर पर पशुवधगृहों व मांस विक्रय की दुकानों को पूर्ण रूप से बंद रखने तथा किसी भी प्रकार का पशुवध न करने और न ही मांस का विक्रय करने के निर्देश समस्त पशुवधगृह संचालकों व संबंधित दुकानदारों को दिए गए हैं।

### बकाया जमा नहीं करने पर होगी कुर्की की कार्यवाही

**कोरबा।** नगर निगम ने 84 बडे. बकायादारों के नाम सार्वजनिक करते हुए उनसे कहा है कि वे शीघ्र करों की बकाया राशि निगम कोष में जमा कराएं अन्यथा उनके विरूद्ध कुर्की की कार्यवाही की जाएगी, जिसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। निगम के इन बड़े बकायादारों के द्वारा बकाया कर की राशि नहीं जमा कराई जा रही परिणाम स्वरूप यह बकाया करों की राशि करोड़ों में पहुंच चुकी है। निगम को सम्पत्तिकर, जलकर, भवन, दुकान किराया सहित अन्य करों की करोड़ों रूपये की राशि बकायादारों, करदाताओं से प्राप्त करना शेष है। निगम द्वारा बार-बार नोटिस वारंट आदि जारी किए जाने व ताकीद किए जाने के बावजूद अनेक बकायादारों द्वारा बकाया राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है, इससे एक ओर जहां निगम को आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है, वहीं दूसरी ओर बकाया करों की राशि बढ़ती जा रही है। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम के बड़े बकायादारों के नाम सार्वजनिक करने व बकाया राशि की वसूली हेतु नियमों के तहत सभी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश अधिकारियों को दिए थे।

### जिले में अब तक 2134220 क्विंटल धान की हुई खरीदी

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा खरीफ वर्ष 2025-26 में जिले के 65 धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों से धान की खरीदी की जा रही है। शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी होने से किसानों में हर्ष व्याप्त है। धान खरीदी केंद्रों में जिला प्रशासन द्वारा किसानों की उपज खरीदी के लिए ऑनलाइन टोकन वितरण, बारदाने की उपलब्धता, इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन से तौलाई, शीघ्रता से भुगतान आदि की समुचित व्यवस्था की गई है। जिले में 52 हजार से अधिक किसान धान विक्रय के लिए पंजीकृत है। जिले में धान खरीदी की शुरूआत से अब तक 2134220 क्विंटल गुणवत्तायुक्त धान पंजीकृत किसानों से खरीदी की गई है। कोरबा जिले में अब तक कुल 1413970 क्विंटल धान का उठाव हो चुका है। 'जिला प्रशासन द्वारा जारी डीओ अंतर्गत हाथी प्रभावित क्षेत्रों एवं संवेदनशील उपार्जन केंद्रों से प्राथमिकता से धान का उठाव किया जा रहा है। जिससे किसानों को धान बेचने में परेशानी न हो।

### ईएमटी पद हेतु अंतिम मेरिट, चयन एवं प्रतीक्षा सूची जारी

**कोरबा।** कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कोरबा के द्वारा जिला खनिज न्यास मद अंतर्गत 102 महतारी एक्सप्रेस एम्बुलेंस हेतु इमरजेन्सी मेडिकल टेक्नीशियन ईएमटी के 14 पदों हेतु दावा आपत्ति निराकरण सूची एवं अनंतिम मेरिट सूची प्रकाशन कर 31 दिसंबर 2025 तक दावा आपत्ति आमंत्रित की गई थी। कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार दावा आपत्ति निराकरण पश्चात दावा आपत्ति निराकरण सूची, अंतिम मेरिट सूची, चयन सूची एवं प्रतीक्षा सूची कार्यालयीन सूचना पटल पर चस्पा तथा कोरबा जिले के शासकीय वेबसाईट मे सर्व संबंधितों के अवलोकनार्थ अपलोड़ कर दिया गया है।

# पुलिस सैलरी पैकेज योजना के तहत पीड़ित परिवारों को दिया गया 10 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

छग शासन एवं भारतीय स्टेट बैंक के साथ समन्वय स्थापित कर जिला पुलिस में कार्यरत समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुलिस सैलरी पैकेज योजना का लाभ प्रदान किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत पुलिस कर्मियों को सड़क दुर्घटना बीमा, आकस्मिक मृत्यु बीमा जैसी महत्वपूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे उनके तथा उनके परिवारजनों की सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पदस्थ आरक्षक कृष्ण कुमार खड़िया 28 सितंबर एवं 7 सितंबर को आरक्षक सुरेन्द्र लहरे का आकस्मिक निधन के पश्चात उनके परिजनों को पुलिस सैलरी पैकेज योजना के अंतर्गत 10 लाख रुपये की बीमा राशि प्रदान की गई। उक्त बीमा राशि का वितरण पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक मृत्युंजय वर्मा एवं रामेश्वर कुमार मुख्य प्रबंधक, आईटीआई शाखा कर उपस्थिति में दिया गया। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने कहा कि पुलिस कर्मी समाज की सुरक्षा के लिए कठिन एवं चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। पुलिस सैलरी पैकेज योजना उनके परिवारजनों को सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। जिला पुलिस भारतीय स्टेट बैंक के सहयोग से अपने पुलिस कर्मियों एवं उनके परिजनों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### पुलिस अधीक्षक कार्यालय में किया गया चेक का वितरण

**खास बात**

- पुलिस कर्मियों को सड़क दुर्घटना में आकस्मिक मृत्यु बीमा जैसी सुविधाएं कराई जा रही उपलब्ध




## किसानों को किश्त में भुगतान की राशि देने की हो रही मजबूरी

# धान बेचने के बाद भुगतान के लिए बैंक पहुंच रहे किसान, मांग के अनुरुप नहीं मिल रही राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

धान बेचने के बाद भुगतान के लिए बैंक पहुंचने वाले किसानों को किश्त किश्त में राशि मिलने की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। यह स्थिति कोरबा मेन ब्रांच के साथ बरपाली ब्रांच में भी निर्मित हो रही है। इसका प्रमुख कारण दोनों ब्रांचों को उनकी मांग के अनुरुप चेस्ट बैंक से भुगतान के लिए पर्याप्त राशि नहीं मिल रही है।

**खास बात**

- धान बेचने के 24घंटे के भीतर किसानों के खाते में पहुंच रही है राशि




फाइल फोटो

धान खरीदी को महज 10 दिन ही शेष बचे हैं और खरीदी के बाद किसानों की भीड़ भुगतान के लिए जिला सहकारी बैंक की सभी ब्रांचों में इस समय उमड़ी हुई है लेकिन बैंकों में नगदी की शॉर्टेज होने के कारण किसानों को जितनी राशि की जरुरत है उतनी ना मिलकर किश्त में देने की मजबूरी बैंक प्रबंधकों की हो रही है। इससे बैंक प्रबंधकों भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है साथ ही किसानों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिले में सबसे ज्यादा भुगतान कोरबा मेन ब्रांच के साथ बरपाली ब्रांच में होता है और यहां से किसानों को उम्मीद के अनुरुप राशि महज इसलिए नहीं मिल पाती कि बैंक प्रबंधन को उनकी मांग के अनुरुप राशि नहीं मिलती। यही कारण है कि किसानों को भी बैंक प्रबंधन उतनी ही राशि देती है जिससे सभी किसानों को समान रुप से वितरीत की जा सके। हालांकि किसानों में इस बात को लेकर आक्रोश भी है। भीड़ को देखते हुए बैंक प्रबंधन भी चेस्ट बैंक शाखा से डिमांड के अनुसार नगद राशि देने के लिए पत्र व्यवहार भी किया है ताकि किसानों को बैरंग ना लौटना पड़े।

### लंबी दूरी का सफर कर आते हैं किसान

दोनों ब्रांचों में धान बिक्री की राशि के लिए कोरबा और बरपाली ब्रांच में आने वाले किसानों को 60 से 70 किलोमीटर दूरी तय करनी पड़ती है। करतला ब्लॉक सर्वाधिक धान उत्पादन वाला क्षेत्र है। यहां किसानों की संख्या भी सर्वाधिक और इस क्षेत्र के किसानों को बरपाली ब्रांच से ही भुगतान होता है। इस ब्रांच से भुगतान लेने के लिए सक्ती सीमा में स्थित बेहरचुआं, धिनारा जैसे दूरस्थ क्षेत्रों के किसानों को बरपाली ब्रांच आना पड़ता है। किसानों की इस समस्या को देखते हुए ही करतला ब्लॉक मुख्यालय में जिला सहकारी बैंक की शाखा खोलने का प्रस्ताव तैयार किया गया था जो आज तक लंबित पड़ा हुआ है।

### इतनी राशि की है खपत

बरपाली और कोरबा ब्रांच जिले के बड़े ब्रांच में आते हैं। जिनमें अकेले बरपाली ब्रांच मे ही किसानों को भुगतान करने के लिए प्रतिदिन डेढ़ से दो करोड़ के लगभग नगद राशि की आवश्यकता होती है लेकिन उतनी नगद राशि चेस्ट बैंक द्वारा देना भी कठिन होता है क्योंकि जिले के अन्य बैंकों को भी चेस्ट बैंक एसबीआई से राशि ट्रांसफर की जाती है। औद्योगिक जिला होने के कारण नगद राशि की खपत सहकारी बैंकों के अलावा अन्य बैंकों में भी होती है। इसी तरह कोरबा ब्रांच में डेढ़ करोड़ रुपए प्रतिदिन की खपत बताई जाती है।

# एक की डूबने से तो दूसरी की तालाब के पास मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में तालाब में डूबने से एक वृद्ध व्यक्ति की मौत हो गई है तो वहीं दूसरी ओर एक युवक की तालाब के किनारे लाश मिली है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है।

**खास बात**

- उरगा के ग्राम लबेद व बांकीमोंगरा का मामला

उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लबेद निवासी सगाराम 59 वर्ष पिता अमर सिंह सोमवार को अपने गांव के तालाब में नहाने गया था जहां डूब जाने से उसकी मौत हो गई है। बताया जाता है कि सगाराम को तालाब में नहाने के दौरान मिर्गी का दौरा पड़ गया था जिसके कारण डूबने से उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच शुरू कर दी है। दूसरी घटना बांकीमोंगरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत अरदा के लालपुर बस्ती में रहने वाले अनंत राम कुमार पिता बृजलाल गौड़ (उम्र 35 वर्ष) का शव जामचूव बाजार के पीछे स्थित तालाब के पास संदिग्ध अवस्था में मिला। बताया जाता है कि मृतक की मानसिक स्थिति प्रारंभ से ही ठीक नहीं थी। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों द्वारा सरपंच, कोटवार एवं स्थानीय थाना को अवगत कराया गया। पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। पंचनामा के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।



मृतक।

# कबाड़ी के ठिकाने पर पुलिस का छापा तीन गाड़ी जब्त, गोदाम सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में कबाड़ का अवैध कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। पुलिस द्वारा लगातार छापेमारी की कार्रवाई की जा रही है। बताया जाता है कि प्रातःकाल स्थित तो कबाड़ियों को ठिकाने पर पुलिस ने छापेमारी के कार्रवाई की। जहां बड़े पैमाने पर अवैध कबाड़ से भरी हुई गाड़ी को जप्त कर गोदाम को सील करने की कार्यवाही की गई है।

उल्लेखनीय है कि कबाड़ का अवैध कारोबार जिले में एक बार फिर से जमकर फलने फुलने लगा है बताया जाता है कि लगातार बढ़ती चोरी पर पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर नगर कोतवाल मोतीलाल पटेल व उनकी टीम ने राताखार स्थित मुकेश कबाड़ी व राजेश कबाड़ी के ठिकाने पर छापेमारी की कार्रवाई की है जहां कबाड़ से भरे हुए दो गाड़ियों को पुलिस ने जप्त किया है। संभवतः जब्त कबाड़ी जिसमें एसईसीएल का माल बताया जा रहा है। पुलिस ने दोनों वाहनों को जप्त कर लिया है वहीं दूसरी ओर मामले में प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी और मुकेश कबाड़ी के गोदाम को सील किया गया है। पुलिस द्वारा मामले में जांच की जा रही है और जांच के बाद ही मामला स्पष्ट होगा कि यह कबाड़ कहां-कहां से चोरी किया गया है लंबे समय बाद एक बार फिर से पुलिस कबाड़ियों के खिलाफ एक्शन मोड में आ रही है।



कार्यवाही के दौरान जप्त गाड़ी।

# लंबे समय से फरार 61 वारंटियों को दबोचा पुलिस ने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पुलिस द्वारा वारंटियों के धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया गया जहां पुलिस ने एक दिन में ही 61 वारंटियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में 18 जनवरी को जिलेभर में स्थाई एवं गिरफ्तारी वारंटों की तामिली हेतु विशेष एवं सघन अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत प्रत्येक थाना एवं चौकी स्तर पर पृथक-पृथक पुलिस टीमों का गठन कर संभावित ठिकानों पर योजनाबद्ध दबिश दी गई। स्थानीय मुखबिर तंत्र, बीट सिस्टम एवं तकनीकी सूचनाओं के प्रभावी उपयोग से लंबे समय से फरार एवं न्यायालय में अनुपस्थित वारंटी आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। अभियान की सतत मॉनिटरिंग अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले और नीतीश ठाकुर द्वारा की गई तथा नगर पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारियों के पर्यवेक्षण में कुल 42 गिरफ्तारी वारंट एवं 19 स्थाई वारंट सहित कुल 61 वारंटों की तामिली की गई। सभी वारंटी आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

**खास बात**

- पुलिस ने धरपकड़ के लिए चलाया विशेष अभियान



पुलिस गिरफ्त में फरार वारंटी।

### 24 चालकों पर एमवी एक्ट की हुई कार्यवाही

जिले के प्रमुख मार्गों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष वाहन जांच अभियान चलाया। नशे की स्थिति में वाहन चलाते पाए गए 24 चालकों के विरुद्ध धारा 185 एमवी एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई। सभी वाहन चालकों का ब्रेथ एनालाइजर एवं मेडिकल परीक्षण कराया गया। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे नशे में वाहन न चलाएं और यातायात नियमों का पालन करें। ऐसे अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे।

## नवनियुक्त पदाधिकारियों ने ली संगठन को मजबूत बनाने की शपथ

# पार्टी ने संगठन में ऊर्जावान और कर्मठ लोगों को सौंपी है जिम्मेदारी : ज्योत्सना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा में जिला कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नव-नियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह भव्य और उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत और सांसद ज्योत्सना महंत तथा उनके साथ मंच पर पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल तथा वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीश परसाई की उपस्थित रहे।

समारोह के दौरान पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने नव-नियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों को संगठन की मजबूती, पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों के प्रति पूर्ण निष्ठा तथा समर्पण भाव से कार्य करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि संगठन की सफलता कार्यकर्ताओं की मेहनत, अनुशासन और जनता से जुड़े रहने पर निर्भर करती है। नव-नियुक्त पदाधिकारियों से उन्होंने अपेक्षा जताई कि वे नई ऊर्जा और उत्साह के साथ पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाएंगे।



शपथ लेते नवनियुक्त जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पदाधिकारी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद ज्योत्सना महंत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने संगठन में ऊर्जावान, कर्मठ और अनुभवी लोगों को जिम्मेदारी सौंपी है। यह निर्णय पार्टी को भविष्य की चुनौतियों के लिए मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष करती रही है और आगे भी यह संघर्ष जारी रहेगा। नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत ने कहा कि संगठन की मजबूती ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सोनिया गांधी और राहुल गांधी के विचारों, नीतियों और संदेशों को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य पूरी प्रतिबद्धता के साथ करें। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत किया जाएगा, ताकि आम जनता की आवाज को प्रभावी रूप से उठाया जा सके। इस दौरान पीसीसी महामंत्री प्रशांत मिश्रा, विधायक फूलसिंह राठिया, पूर्व विधायक मोहित राम केरकेट्टा, दुलेश्वरी सिदार, पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर उपस्थित रहे तथा समारोह में जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष मनोज चौहान, शहर अध्यक्ष मुकेश राठौर, ब्लॉक अध्यक्ष पाली सत्यनाराण पैकरा, ब्लॉक अध्यक्ष पोड़ी- उपरोड़ा भोला गोस्वामी, ब्लॉक अध्यक्ष कटघोरा ग्रामीण गोरेलाल यादव, ब्लॉक अध्यक्ष कटघोरा शहर अशरफ मेमन, ब्लॉक अध्यक्ष दीपका दिलीप सिंह, हरदीबाजार कौशल श्रीवास, पसान जगतपाल आयाम, बांकीमोंगरा संजय आजाद, कोरबा ग्रामीण इंजोर सिंह कंवर, कोरबा शहर पालूराम साहू, श्रवण राठिया, बरपाली संतोष देवांगन, ब्लॉक अध्यक्ष दर्री-जमनीपाली राजेन्द्र तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष बसंत चंद्रा, ब्लॉक अध्यक्ष एडी जोशी ने शपथ ग्रहण किया।

### प्लेसमेन्ट कैंप का आयोजन कल

**कोरबा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, कोरबा में प्लेसमेन्ट कैंप का आयोजन 21 जनवरी को प्रातः 11 बजे किया जा रहा है। प्लेसमेंट के माध्यम नियोजक परिश्रम रिसोर्स प्राईवेट लिमिटेड गुरूग्राम, हरियाणा, एवं पेरेन्नियल टेक्नोलॉजी प्राईवेट लिमिटेड बावधान, पुणे द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। रिक्त पदों में मीटर इंस्टालर 80 पद, डी.जी.ऑपरेटर 10 पद, डीवाटरिंग 10 पद शामिल है। शैक्षणिक योग्यता आई.टी.आई डीजल मैकेनिक, आई.टी.आई. इलेक्ट्रिशियन, आई.टी.आई. (सभी ट्रेड) एवं नॉन आई.टी.आई. शामिल है। आयुसीमा 18-40 वर्ष तक एवं वेतनमान रूपये 15 से 20 हजार रुपए तक, नियोजक द्वारा निर्धारित किया गया है। उक्त रिक्त पद कोरबा एवं एस.ई.सी.एल बिलासपुर (छ0ग0) के लिए है।

## खबर संक्षेप

### रूमगढ़ा में नवधा रामायण आज से

**कोरबा।** नगर निगम के रुमगरा वार्ड में अखंड नवधा रामायण का आयोजन हनुमान मंदिर पारा में आज से किया जा रहा है। जिसका समापन 30 जनवरी को किया जाएगा। 9 दिन तक चलने वाले कार्यक्रम का नरेश कुमार शर्मा मुख्य प्रवचना वक्ता के रुप में उपस्थित रहेंगे। जिसकी तैयारियां ग्रामीणों के द्वारा की गई है। कलश यात्रा के साथ 20 जनवरी को इसकी शुरुआत होगी और सहस्त्रधारा चढ़ोत्तरी के साथ इसका समापन किया जाएगा।

### शासकीय कर्मचारी संघ का नूतन का कैलेंडर विमोचित



**मड़वारानी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ द्वारा नूतन वर्ष 2026 के कैलेंडर का विमोचन कलेक्टर कुणाल दुदावत के करकमलों से हुआ। यह कार्यक्रम जगदीश प्रसाद खरे प्रांतीय सचिव लिपिक संघ एवं संयोजक छग कर्मचारी अधिकारी फ़ेडरेशन कोरबा साथ ही पीपी एस राठौर जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में आयोजित किया गया जिसमें संघ के पदाधिकारी एवं कर्मचारियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही कैलेंडर विमोचन अवसर पर कलेक्टर श्री दुदावत ने संघ के प्रयासों की सराहना करते हुए नूतन वर्ष 2026 के लिए सभी कर्मचारियों को शुभकामनाएं प्रेषित की तथा संगठन को निरंतर सकारात्मक एवं रचनात्मक गतिविधियों के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर ओमप्रकाश बघेल महासचिव छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन कोरबा सहित संघ के पदाधिकारीगण तुमेश्वर राठौर, दिनेश सिंह, राजेंद्र मिश्रा,संवित साहू, परमानंद राजवाड़े, आनंद सोनवानी, सनत राठौर, एस के कंवर, दीनदयाल भारद्वाज, प्रकाश खाकसे, प्रीतेश जनार्दन, दीपेश यादव, रामनिवास साहू सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में संघ पदाधिकारी द्वारा कलेक्टर महोदय का आभार व्यक्त करते हुए नूतन वर्ष 2026 के कैलेंडर के माध्यम से संगठनात्मक एकता, कर्मचारी हितों तथा प्रशासनिक सहयोग को और सुदृढ़ करने का संकल्प लिया गया।

### ग्रामीणों ने भूमि अधिग्रहण पर जताया सकारात्मक सहयोग



**हरदीबाजार।** दीपका क्षेत्र के क्षेत्रिय महाप्रबंधक संजय कुमार मिश्रा ने हाल ही में अधिग्रहित ग्राम कटकीडाबरी एवं नवापारा का दौरा किया। इस अवसर पर उनके साथ महाप्रबंधक (संचालन) संजीव कुमार, राजस्व विभाग के नोडल अधिकारी रोशन मेश्राम एवं अनिल पाटले उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान ग्राम सरपंच ओमप्रकाश कंवर, जनपद सदस्य सुश्री नेहा तवर तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। दौरे के दौरान ग्रामीणों द्वारा तालाब सौंदर्यीकरण, सड़क निर्माण एवं धूल नियंत्रण हेतु जल छिड़काव कार्यों की मांग रखी गई, जिस पर एरिया महाप्रबंधक द्वारा शीघ्र ही सभी कार्य प्रारंभ कराने का आश्वासन दिया गया। ग्रामीणों द्वारा भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया के प्रति सकारात्मक सहयोग व्यक्त किया गया। इस अवसर पर सामाजिक दायित्व के अंतर्गत कटकीडाबरी शासकीय विद्यालय को आगामी गर्मी को देखते हुए पाँच सिलिंग फेन भेंट किए गए।

### डॉ. श्वेता शुक्ला ने अर्जित की पीएचडी की उपाधि

**कोरबा।** कोरबा-चांपा मार्ग में बसे भैसमा में संचालित स्व. प्यारेलाल कंवर शासकीय महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. श्वेता शुक्ला ने अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। उन्होंने नाबार्ड प्रायोजित वाड़ी विकास परियोजना का जनजातीय परिवारों पर आर्थिक प्रभाव का अध्ययन (कोरबा जिले के विशेष संदर्भ में) कार्य पूर्ण कर यह सफलता अर्जित की। डॉ. श्वेता ने अपना शोध कार्य अपनी पर्यवेक्षक डॉ. पापिया चतुर्वेदी एवं सह पर्यवेक्षक डॉ. एच.एल. अग्रवाल के मार्गदर्शन में पूर्ण किया। उनकी इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए परिवार, मित्रजनों और साथी प्राध्यापकों ने उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## निधन

### राकेश कुमार शुक्ला



**कोरबा।** सीएसईबी कोरबा पूर्व कालोनी क्वार्टर नंबर एनई 01 निवासी सीएसईबी कर्मी राकेश कुमार शुक्ला 61 वर्ष का 18 जनवरी की रात संजीवनी हॉस्पिटल रायपुर में उपचार के दौरान निधन हो गया। वे अपने पीछे पत्नी समेत एक पुत्र व दो पुत्रियों का परिवार छोड़ गए हैं। विनीत शुक्ला व हरिभूमि बिलासपुर में कार्यरत पुनीता शुक्ला के बड़े भाई थे। उनका अंतिम संस्कार रविवार को पोड़ीबहार स्थित मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में परिजन, रिश्तेदारों के साथ बड़ी सख्या में गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

## मांई जी फाउंडेशन के आयोजन में लोकस्वाद, लोकखेल और लोकनृत्य ने बांधा समां

# महिलाओं की आत्मनिर्भरता और छत्तीसगढ़ी संस्कृति का संगम बना व्यंजनों की बगिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा



कार्यक्रम में उपस्थित उद्योग मंत्री व अन्य अतिथि।

महिलाओं को सशक्त एवं स्वावलंबी बनाने की दिशा में निरंतर सक्रिय मांई जी फाउंडेशन सोसायटी द्वारा छत्तीसगढ़ी व्यंजनों, संस्कृति और परंपरा के संरक्षण व संवर्धन के उद्देश्य से एक दिवसीय विशेष आयोजन व्यंजनों की बगिया का आयोजन रविवार को घंटाघर स्थित ओपन थिएटर में प्रातः 10 बजे से प्रारंभ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

इस आयोजन में उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, जिला महामंत्री नरेन्द्र देवांगन, हरिभूमि के ब्यूरो प्रमुख राकेश श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार नौशाद खान, मांई जी फाउंडेशन की अध्यक्ष श्रीमती निधि तिवारी, सचिव श्रीमती हेमलता शर्मा एवं उपाध्यक्ष श्रीमती श्रद्धा बुंदेला, संरक्षक होमा खान की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंतर्गत छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व्यंजनों के विविध आकर्षक स्टॉल लगाए गए, जिनमें चीला, फरा, अइरसा, पीडिया, पपची, देहरौरी, बड़ी, बिजौरी, दही-मिर्ची सहित अनेक पारंपरिक स्वादों ने लोगों को छत्तीसगढ़ी खानपान से रूबरू कराया। यह व्यंजन मेला न केवल स्वाद का उत्सव बना, बल्कि स्थानीय महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता का सशक्त मंच भी सिद्ध हुआ। सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित पारंपरिक एवं मनोरंजक प्रतियोगिताओं ने आयोजन में चार चांद लगा दिए। फुगड़ी, खो-खो, कुर्सी दौड़, पतंग उड़ाओ प्रतियोगिता, साथ ही छत्तीसगढ़ी वेशभूषा प्रतियोगिता एवं छत्तीसगढ़ी व्यंजन थाली सजाओ प्रतियोगिता विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं।

## अग्रसेन पब्लिक स्कूल ने परसाखोला में वनभोज का किया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

श्री अग्रसेन पब्लिक स्कूल के शिक्षक शिक्षकाओं के द्वारा पसरखोला में वन भोज का आनंद लिया गया। श्री अग्रसेन पब्लिक स्कुल में शिक्षक शिक्षकाओं के लिए कोरबा से लगभग 20 किलोमीटर दूर स्थित प्रकृतिक की गोद में मनोहर झरने के साथ पसरखोला में वन भोज का अयोजिन किया गया था।

श्री अग्रसेन शिक्षक समिति के अध्यक्ष अखिलेश अग्रवाल ने कहा कि पढाई के साथ साथ विद्यालय के द्वारा वन भोज से उनके मानसिक शांति के अनुभाव होने के साथ साथ बच्चों के पढाई में एक अभिरूचि भी होती है जिससे आने वाला समय परीक्षाओं का होगा। जिससे मानसिक शांति के वे अच्छी तैयारी भी शिक्षक शिक्षकाऐं करा सकती है। जिससे बच्चों के अच्छे अंक अजीत कर सकते है। श्री अग्रसेन पब्लिक स्कूल के प्राचार्या रीना चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि वन भोज से हमारे बीच उत्साह पूर्व वार्तावरण रहता है हमें सभी प्रकृति के आज वन भोज अयोजन किया गया। इस अवसर पर वन भोज के साथ साथ विभिन्न प्रतियोगिता का अयोजन भी किया गया जिसमें विजेताओं को पुरूस्कार भी दिये गये। इसके साथ ही मनोहर प्राकृतिक दृश्यों के साथ मधुर संगीत में वन भोज किया गया। इस अवसर पर अग्रसेन शिक्षण समिति के अध्यक्ष अखिलेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष गोपाल प्रसाद केडिया, सचिव त्रिलोकीनाथ बजाज, कोषाध्यक्ष संजय अग्रवाल, सह कोषाध्यक्ष मनोज अग्रवाल, सदस्य जगदीश अग्रवाल, श्रीमति इंदु अग्रवाल, मिडिया प्रभारी अनिल अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## पूर्व मंत्री की पहल से स्याहीमुड़ी-रामनगर मार्ग खुला, ग्रामीणों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा



प्रबंधन से चर्चा करते पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल।

कोरबा पश्चिम दर्री स्थित एचटीपीपी (सीएसईबी) प्रबंधन द्वारा कुछ कारणों से कॉलोनी से होकर स्याहिमुड़ी–रामनगर को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण मार्ग को मलबा डालकर बंद कर दिया गया था जिससे स्याहीमुड़ी रामनगर, राजीव नगर, डाड़पारा आदि ग्रामों के ग्रामीणों को दैनिक आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या को लेकर क्षेत्र के नागरिकों ने पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल से संपर्क कर अपनी रोजमर्रा की परेशानियों से अवगत कराया। ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल वरिष्ठ पार्टी नेताओं के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्रामीणों को हो रही व्यावहारिक कठिनाइयों को समझा तथा एचटीपीपी प्रबंधन के साथ चर्चा कर आम जनता की सुविधा के लिए कम से कम 6 फीट चौड़ा मार्ग खोलने की मांग को मजबूती से रखा ताकि स्थानीय लोगों की आवाजाही पुनः सुचारू रूप से बहाल हो सके। श्री अग्रवाल के सकारात्मक पहल के परिणामस्वरूप मुख्य अभियंता हेमंत सिंह एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजेश पांडेय ने आम जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मार्ग खोलने पर सहमति प्रदान की है। इस निर्णय से स्याहिमुड़ी एवं आसपास के क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। इस मौके पर कोरबा शहर कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश राठौर, प्रदेश कांग्रेस सचिव विकास सिंह, ब्लाक अध्यक्ष पालूराम साहू, राजेंद्र तिवारी, युवा जिलाध्यक्ष राकेश पंकज, नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू, पार्षद सुखसागर निर्मलकर, रवि चंदेल, मस्तुल सिंह कंवर, रोपा तिर्की, अघन बाई कंवर, राजेंद्र सिंह ठाकुर, सुधीर जैन, रेखा त्रिपाठी, आशीष अग्रवाल, सुरेंद्र यादव, देवीदयाल तिवारी, संगीता श्रीवास, डॉ.डीआर नेताम, शशि साहु, जाकिर खान उपस्थित रहे।

## विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन-लोकार्पण करेंगे उद्योग मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

**खास बात**

- 2.42 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का होगा भूमिपूजन



लखन देवांगन

प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन मंगलवार 20 जनवरी को नगर निगम कोरबा के विभिन्न वार्डों में 2 करोड़ 42 लाख 46 हजार रूपए के विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का भूमिपूजन-लोकार्पण करेंगे। इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत भी मौजूद रहेंगी।

निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंत्री श्री देवांगन चारपारा कोहड़िया से दोपहर 1.45 बजे रवाना होकर 2 बजे दर्री जोन (फर्टिलाइजर बस्ती) पहुंचेंगे जहां वे वार्ड क्रमांक-51 अंतर्गत प्राथमिक शाला डांडपारा में नवीन भवन निर्माण का भूमिपूजन करेंगे। जिसकी लागत राशि 16.95 लाख रूपए, शासकीय प्राथमिक शाला स्याहीमुड़ी के नवीन भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन राशि 16.95 लाख रूपए, वार्ड क्रमांक 59 में नीलगिरी बस्ती में सी.सी. रोड निर्माण कार्य 21 लाख रूपए, वार्ड क्रमांक 59 अंतर्गत फर्टिलाइजर बस्ती में जय साहू के घर से मिथुन मंडल के घर तक एवं राजकुमार यादव के घर से राम साहू के घर तक सीसी रोड निर्माण लागत 12 लाख रूपए, वार्ड क्रमांक 60 दर्रीखार क्रमांक 2 अंतर्गत प्राथमिक शाला ज्ञानज्योति तुलसी नगर में नवीन भवन निर्माण कार्य लागत 16.95 लाख रूपए की आधारशिला रखेंगे। कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन अपरान्ह 3 बजे दर्री जोन (लाटा बस्ती वार्ड क्रमांक 56) आगमन एवं दर्री जोन अंतर्गत निम्नानुसार विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। इनमें वार्ड क्रमांक 55 सेमीपाली, नवापारा साहू घर के बगल में निर्माण कार्य 10 लाख रूपए, वार्ड क्रमांक 56 लाटा सांस्कृतिक मंत्र से नाथूराम घर होते हुए रामकला यादव घर सर्वमंगला ट्रांसफर्मर से दयाल सिंह घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य लागत 22.50 लाख रूपए, वार्ड क्रमांक 56 अंतर्गत आनंद विहार लाटा में मनहरण लाल साहू एवं रथराम निर्मलकर घर के पास सीसी रोड निर्माण लागत 5 लाख रूपए, वार्ड क्रं. 56, 67, 58, 55 में विकास कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। उद्योग मंत्री श्री देवांगन शाम 4 बजे कटघोरा पहुंचेगे जहां वे मीरा टॉकिज के आगे अंबिकापुर रोड कटघोरा में पत्रकार संघ के सामुदायिक भवन लागत राशि रु. 13 लाख रूपए के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे।

**वार्डों को मिला 3 करोड़ 20 लाख रू. की सौगात**

रविशंकरनगर जोन के विभिन्न वार्डों को 3 करोड़ 20 लाख रूपये के नये विकास कार्यों की सौगात प्राप्त हुई। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता में पृथक-पृथक स्थानों में आयोजित भूमिपूजन किया जाएगा। वार्ड क्र. 34 दादर रोड कलवर्ट से मानिकपुर मुक्तिधाम तक 1 करोड़ 84 लाख रूपये की लागत से कलवर्ट एवं नाला का निर्माण कराया जाना हैं। पं.रविशंकर शुक्ल जोनांतर्गत 6 शासकीय स्कूलों में 36 लाख रूपये की लागत से किचन शेड का निर्माण तथा 12 शासकीय स्कूलों में 60 लाख रूपये की लागत से बालक-बालिका शौचालय का निर्माण, वार्ड क्र. 33 मानिकपुर डिपरापारा में 25 लाख रूपये की लागत से सड़का निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 26 अंतर्गत विनय सिंह घर से जैतखाम के सामने तक एवं दादर मेन रोड से कुम्हार घर के पास कलवर्ट तक कृष्णानगर की आंतरिक गलियों का 15 लाख रूपये की लागत से निर्माण कार्य किया जाना हैं।

## आदिले चौक पुरानी बस्ती में मनाया गया गुरु घासीदास जयंती



कार्यक्रम में उपस्थित समाज के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

पुरानी बस्ती आदि चौक में परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा की 279वीं गुरु पर्व गुरु घासीदास जयंती 18 जनवरी को बड़ी उल्लास के साथ मनाया गया है। इस बीच पंथी नृत्य दल के द्वारा मनमोहक संस्कृत कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। सतनामी समाज के पुजारी नरेश डहरिया के एल टंडन के द्वारा पूरे रीति रिवाज के साथ जैतखाम का पूजा अर्चना कार्यक्रम संपन्न कराया गया। तत्पश्चात सत्य के प्रति ध्वज को रिंकू आदिले के द्वारा जैतखाम में चढ़ाया गया।

उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सभापति नूतन सिंह ठाकुर की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्षद तामेल अग्रवाल ने की एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व पार्षद मनीष शर्मा, अखिल भारतीय सतनामी युवा कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष मनीराम जांगड़े, कोरबा सतनामी कल्याण समिति के अध्यक्ष नारायण लाल कुर्रे, वार्ड नंबर 2 के पार्षद ईश्वर पटेल एवं आर डी भारद्वाज रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नूतन सिंह ठाकुर ने कहा कि निश्चित रूप से मेरे लिए बहुत ही सौभाग्य की बात है कि मैं परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा के जयंती कार्यक्रम में आज शामिल होने का मुझे मौका मिला है मैं परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा से कामना करता हूं कि हमारे कोरबा में सदैव सुख शांति बनी रहे एवं सदैव भाईचारा की भावना को लेकर हर एक नागरिक अपना जीवन यापन करें क्योंकि परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा ने कहा है कि मनखे मनखे एक समान शाय़द यही कारण है कि आज हम सभी वर्ग समुदाय के लोग एक जगह उपस्थित होकर परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा की गुरु पर्व बाबा जयंती मना रहे हैं। कार्यक्रम में पुष्कर आदिले, मदन आदिले, आनंद खांडे, राधेश्याम आदिले, अदीप खूंटे, देव प्रसाद कुर्रे, कुशल मनहर, राजू आदिले, चंद्रा आदिले, भूपेन टंडन, कामता आदिले, नर्मदा आदिले, कामता बंजारे, डायमंड आदिले, गीता खूंटे, किरन खुटे सहित अन्य उपस्थित थे।

**दो दिवसीय गुरु पर्व का हुआ आयोजन**



कोरबा-पश्चिम में जय सतनाम समिति सतनामी समाज चाकाबुड़ा के तत्वाधान में इस वर्ष भी ग्राम में गुरु घासीदास बाबा की 269वीं जयंती के अवसर पर दो दिवसीय गुरु पर्व का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य घासीदास बाबा के जीवन उनके सामाजिक संदेशों और मानवतावादी विचारों को समाज तक पहुंचाते हुए गांव में भक्ति सद्भाव और समानता का वातावरण निर्मित करना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रेमचंद पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष पवन कुमार सिंह, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुषमा रवि रजक, अमरदीप अंचल, राज जायसवाल, उमा देवी, कृष्ण कला, बांकीमोंगरा-थाना प्रभारी भुवन पाल सिंह, पवन कमरो, जितेंद्र कुमार जोशी, रूप सिंह बिंध्यराज,नरेंद्र साहू, सुरेंद्र राठौर, पंचम पाटले, कमल साय पाटले, कुंज बिहारी टंडन, संजय शर्मा, रोहित जायसवाल आदि मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

## कलश यात्रा के साथ माँ दीपेश्वरी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीपका



कलश यात्रा की तैयारी करते हुए।

शिव धाम, ज्योति नगर दीपका स्थित माँ दीपेश्वरी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का शुभारंभ श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ 1100 महिलाओं द्वारा निकाली गई ऐतिहासिक कलश यात्रा के माध्यम से हुआ। यह क्षेत्र में पहली बार आयोजित इतनी भव्य कलश यात्रा थी, जिसने समारोह को विशेष और अविस्मरणीय बना दिया। कलश यात्रा में पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं की सहभागिता और कर्मा बाजा सहित अन्य पारंपरिक वाद्य यंत्रों की मधुर ध्वनि ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय कर दिया। यह प्राण प्रतिष्ठा समारोह 19 से 23 जनवरी तक आयोजित होगा, जिसमें सनातन वैदिक परंपरा के अनुसार विविध धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। सभी अनुष्ठान आचार्य पंडित शिवपूजन जी महाराज (वाराणसी वाले) के मार्गदर्शन में संपन्न कराए जा रहे हैं। समिति और संरक्षक गणों का योगदान माँ दीपेश्वरी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के समस्त आयोजन के लिए समिति ने विशाल व्यवस्थाएँ की हैं। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष दिलीप सिंह,सचिव विशाल अग्रवाल, विशाल शुक्ला,वार्ड पार्षद रामजय सिंह,अर्जुन साहू, संजय पाठक,नंदकिशोर शर्मा, रमेश सिंह,संदीप सिंह सहित सभी पदाधिकारी और संरक्षक गण मनोज शर्मा, महेन्दर सिंह, विमल सिंह, डी डी अग्रवाल, संतोष बारिक,केदारनाथ सिंह, और समिति के प्रवक्ता सर्वेश सोनी ने कार्यक्रम को तन-मन-धन से सहयोग देने का संकल्प लिया। जनप्रतिनिधियों और नागरिकों की सहभागिता नगर पालिका अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत सहित संतोषी दीवान, अरुणीश तिवारी, अनूप यादव,मनोज दुबे, अविनाश सिंह,संतोष निराला, हिमांशु देवांगन,अविनाश यादव, कमलेश जायसवाल,मुकेश जायसवाल,अभिषेक सिंह, राधेश्याम सिंह,नीलेश साहू, उत्तम दुबे,अरविंद सिंह, गोविंद यादव,और गजेंद्र सिंह राजपूत सहित चरक टीम के सदस्य एवं अनेक गणमान्य नागरिक मातृ शक्तियों की कलश यात्रा में सम्मिलित होकर श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन करते नजर आए।

## जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं

# दुर्घटना की आशंका को देखते हुए कुकरीचोली में क्षतिग्रस्त विद्युत पोल बदलने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा



समस्या सुनते कलेक्टर श्री दुदावत।

कलेक्टर जनदर्शन में कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जिले के दूरस्थ वनांचल एवं शहरी क्षेत्रों से आए आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने प्राप्त आवेदनों पर संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार एवं समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिए।

जनदर्शन में कुकरीचोली के ग्रामीण द्वारा गांव के क्षतिग्रस्त विद्युत पोल को बदलवाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। आवेदन में बताया गया कि विद्युत पोल क्षतिग्रस्त होने के कारण तार अत्यधिक झुक गया है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। कलेक्टर ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए तत्परता से कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए विद्युत विभाग के अधिकारियों को स्थल निरीक्षण कर शीघ्र क्षतिग्रस्त विद्युत पोल को बदलने तथा सुरक्षित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी तरह नकिया पंचायत के पहाड़ी कोरवा ग्रामीणों द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राशन वितरण में लापरवाही की शिकायत प्रस्तुत की गई। कलेक्टर श्री दुदावत ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए खाद्य अधिकारी को तत्काल जांच कराने तथा दो दिवस के भीतर सभी हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उचित मूल्य की राशन दुकानों से समय पर हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित हो, खाद्य निरीक्षक फील्ड पर इसका मॉनिटरिंग करें। करतला तहसील के ग्राम भंवरखोल की निवासी भारती ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि उसके पिता श्याम लाल कंवर के नाम से स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि आवेदन के दौरान खाता क्रमांक की गलत प्रविष्टि के कारण किसी अन्य व्यक्ति के खाते में अंतरित हो गई है। आवेदिका द्वारा राशि वापस दिलाने का आग्रह किया गया। कलेक्टर श्री दुदावत ने प्रकरण के सम्बंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों को तत्काल जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए हितग्राही को राशि वापस दिलाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार जनदर्शन में आज सीमांकन, बटांकन, सड़क दुर्घटना में मृत्यु पर आर्थिक सहायता, आरबीसी 6-4 के तहत राहत राशि, प्रधानमंत्री आवास योजना, अवैध कब्जा हटवाने, मुआवजा भुगतान, अधिक बिजली बिल की जांच सहित विभिन्न विषयों से संबंधित 112 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने सभी प्रकरणों में संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित, पारदर्शी एवं संवेदनशीलता के साथ निराकरण करने के निर्देश देते हुए कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## खबर संक्षेप

### ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की भर्ती हेतु अनन्तिम मूल्यांकन पत्रक जारी

**कोरबा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कोरबा (शहरी) के निगम क्षेत्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 2 एवं सहायिका के 3 रिक्त पदों हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे जिसकी जांच एवं परीक्षण उपरांत अनन्तिम मूल्यांकन पत्रक जारी कर दी गई है। मूल्यांकन पत्रक पर दावा आपत्तियां 20 से 29 जनवरी तक आमंत्रित की गई है। इच्छुक आवेदिकाएं कार्यालयीन दिवस पर प्रातः 10 से 5.30 बजे तक परियोजना कार्यालय में अपनी दावा आपत्तियां जमा कर सकती हैं। मूल्यांकन पत्रक परियोजना कार्यालय तथा नगर निगम कोरबा एवं नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा के सूचना पटल पर देखे जा सकते है। इसके अतिरिक्त संबंधित वार्ड के पार्षदगणों को एवं आंगनबाड़ी केन्द्र में भी मूल्यांकन पत्रक उपलब्ध कराये गये है जिससे समस्त आवेदिकाओं तक जानकारी उपलब्ध कराई जा सके।

### श्रद्धा महिला मंडल एसईसीएल ने बांटे गर्म कपड़े



**कोरबा।** श्रद्धा महिला मंडल एसईसीएल की अध्यक्षा श्रीमती शशि दुहन और सभी उपाध्यक्ष के मार्गदर्शन में आकृति महिला समिति केंद्रीय कर्मशाला कोरबा द्वारा मकर संक्रांति के अवसर पर दुर्गम वन्यक्षेत्र में स्थित भूटूमाटी ग्राम में आकृति महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती नम्रता द्विवेदी ने अपनी टीम के साथ जाकर वहां के अति गरीब ग्रामीणों की स्थिति का जायजा लिया। यहां के ग्रामीणों को अपनी जरूरत की चीजों के लिए करीब 15 किमी दूर लेमरू ग्राम जाना पड़ता हैं। यहां 30 महिला और पुरुषों को स्टील की थाली, गिलास साथ ही मकरसंक्रांति के अवसर पर पोहा, गुड, तिल के लड्डू, मूंगफली की चिक्की, ठंड़ से बचाव हेतु शॉल, चादरें और दैनिक उपयोग की कई वस्तुएं दी गईं। 20 बच्चों को स्वेटर, टोपी, बिस्किट, चॉकलेट ओर फल आदि दिए गए। इस अवसर पर समिति की अध्यक्षा नम्रता द्विवेदी, सचिव सीमा राव, श्रद्धा गुप्ता, रश्मि टंडन, तृप्ति, अर्चना दुबे, लक्ष्मी प्रसाद रहे।

### जिले के अजीत ने फैशन जगत में लहराया परचम

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए मॉडलिंग और फैशन के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने के उद्देश्य से आयोजित छत्तीसगढ़ नेक्स्ट सुपर मॉडल सीजन-5 में कोरबा के अजीत साहू ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। बिलासपुर में आयोजित इस भव्य प्रतियोगिता में अजीत को उनकी शानदार चाल और आत्मविश्वास के लिए खिताब से नवाजा गया है। केटीजी क्लब कटघोरा द्वारा प्रस्तुत इस शो का आयोजन लक्ष्मी गर्ग द्वारा किया गया, जबकि किरण ने शो डायरेक्टर के रूप में कार्यक्रम का सफल संचालन किया। इस प्रतिष्ठित फैशन शो में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के साथ-साथ अन्य राज्यों से आए सैकड़ों प्रतिभाशाली प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। कड़े मुकाबले के बीच अजीत साहू ने अपनी दमदार प्रस्तुति से जजों और दर्शकों का दिल जीत लिया। प्रतियोगिता के दौरान अजीत का यूनिक कॉस्ट्यूम और रैंप पर चलने का उनका कॉन्फिडेंट अंदाज विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। जजों ने उनके समग्र प्रदर्शन और मंच पर उनकी उपस्थिति को सर्वश्रेष्ठ मानते हुए उन्हें इस वर्ष के बेस्ट रनवे वॉक के खिताब के लिए चुना। अजीत साहू की यह सफलता पहली नहीं है हाल ही में उन्होंने सेंट्रल इंडिया 2026 का प्रतिष्ठित खिताब भी अपने नाम किया था।

### अय्यप्पा मंदिर में महागणपति हवन के साथ पूरा हुआ प्रतिष्ठा महोत्सव



**कोरबा।** एसईसीएल कालोनी सुभाष ब्लाक स्थित अय्यप्पा मंदिर का तीन दिवसीय प्रतिष्ठा महोत्सव आचार्य वरण और देवी पूजा व महागणपति हवन के साथ संपन्न हो गया। मंदिर के प्रतिष्ठा महोत्सव में सभी अनुष्ठान संपन्न कराने का दायित्व ब्रम्हश्री उन्नीकृष्णन नम्बूदरी के निर्देशन में आचार्यों ने निभाया। मंदिर प्रबंधन की ओर से प्रतिष्ठा महोत्सव के तीन दिवसीय आयोजन के अंतर्गत अंतिम दिवस अष्टाध्रव्य महागणपति हवन सहित अन्य विधान पूरे किए गए। इससे पहले सुबह 6 बजे निर्माल्य दर्शन, और प्रभात फेरी निकाली गई। सोमवार को विशेष रूप से प्रतिष्ठा महोत्सव के परिपेक्ष में मंदिर परिसर में मृत्युंजय हवन और कलशाभिषेक किया गया। इसके बाद भागवत परायण किया गया। पूरे अनुष्ठान के अंतर्गत मांगलिक वेद मंत्र का पाठ किया गया और इसके माध्यम से वातावरण को शुद्धिकृत भी किया गया। मंदिर प्रबंधन समिति ने बताया कि भगवान शनिश्वर अय्यप्पा से सर्व कल्याण की कामना इस अवसर पर की गई। दोपहर 1 बजे से मंदिर परिसर में अन्नदानम भंडारा किया गया। मलयाली सहित विभिन्न समुदाय के लोगों की उपस्थिति इसमें तय हुई। शाम को संध्या आरती के साथ शोभायात्रा और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी मंदिर के सभागार में किए गए।

# कोरबा की बेटी ईशानी कौर ने किया कमाल, बढ़ाया जिले का मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

कोरबा की बेटी ईशानी कौर सहित चार छात्राओं ने विकसित एक नवीन तकनीकी समाधान नवाचार के क्षेत्र में अपनी सशक्त पहचान बनाई है। यह छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का विषय है। छात्राओं ने इंफ्रारेड लेजर बेस्ड फेशियल रिकॉगनाइजेशन एटेंडेंट सिस्टम एंड मेथड थेयोफ में पेटेंट प्राप्त किया है। यह पेटेंट लगभग 20 वर्षों के लिए स्वीकृत किया गया है। यह छात्राओं के लिए के लिए बड़ी सफलता है। इसी के साथ ईशनी ने जिले का मान बढ़ाया है।

शहीद भगत सिंह कॉलोनी एसईसीएल में रहने वाली ईशानी कौर पिता डॉली सिंह, शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी रायपुर में कम्प्युटर साइंस इंजीनियरिंग तीसरे सेमेस्टर की छात्रा है। ईशानी ने कॉलेज में अध्ययनरत एलिन मसिह, लता टेकाम एवं अंशिका कुमारी के साथ मिलकर यह उपलब्धि हासिल किया है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय को इन्फ्रारेड लेजर-आधारित फेशियल रिकग्निशन अटेंडेंस सिस्टम और उसकी विधि विषय पर 17 जून 2025 को आवेदन किया था। इसे 5 जनवरी को स्वीकृति प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि उनके कॉलेज में पेटेंट कल्चर और इनोवेशन को विशेष रूप से बढ़ावा दिया जाता है। प्रबंधन की ओर से बताया गया कि पहले वर्ष से ही आईपीआर (इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राईट्स) से जुड़े सत्र और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इससे छात्रों में पेटेंट फाइल करने का आत्मविश्वास विकसित होता है। इस संबंध में शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी रायपुर के अतुल चक्रवर्ती और डॉ. धीरेंद्र डूषसह ने प्रेसवार्ता की। इस दौरान डीएवी पब्लिक स्कूल की शिक्षिका माधवी ढीमर सहित अन्य उपस्थित थे। नवीन तकनीकी समाधान नवाचार के क्षेत्र में सफलता हासिल करने वाली ईशानी कौर कोरबा प्रेस क्लब के सदस्य पत्रकार डॉली सिंह की पुत्री है। उनकी माता पिंकी कौर हैं। इस उपलब्धि के लिए प्रेस परिवार की ओर से छात्रा के उज्जवल भविष्य कामना की गई। वहीं परिजनों में हर्ष व्याप्त है।

### केन्द्र से हासिल किया शैक्षणिक और नवाचार क्षेत्र में पेटेंट

**खास बातें**

- शंकराचार्य ईस्टीट्यूट रायपुर इंस्टीट्यूट के तीसरे सेमेस्टर में अध्ययनरत है ईशानी कौर




**इस तरह करती है कार्य**

उन्होंने बताया कि यह पेटेंट आधारित प्रणाली इंफ्रारेड लेजर डॉट प्रोजेक्शन, इंफ्रारेड कैमरा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित फेस रिकग्निशन तकनीक पर कार्य करती है। यह प्रणाली बिना किसी स्पर्श के, कम रोशनी में भी सटीक रूप से उपस्थिति दर्ज करने में सक्षम है। इससे शिक्षकों का समय बचता है और प्रशासनिक कार्य अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनता है।

## निगम आयुक्त ने जिला चेम्बर आफ कामर्स की ली बैठक

# दुकानों, प्रतिष्ठानों, घरों में सोलर पैनल लगवाने आगे आएं व्यावसायी : आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने व्यवसायीबंधुओं व चेम्बर आफ कामर्स के पदाधिकारियों व सदस्यों की बैठक ली। उन्होंने केन्द्र सरकार की महती योजना प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत अपनी दुकानों, प्रतिष्ठानों व घरों में सोलर पैनल लगवाएं तथा योजना का लाभ प्राप्त करते हुए बिजली बिल के भार से मुक्ति पाए। उन्होंने कहा कि शहर की यातायात व्यवस्था, व्यवसायिक काम्पलेक्सों में अग्नि दुर्घटना व चोरी आदि की घटनाओं से बचने आवश्यक एहतियाती कदम उठाएं, ट्रांसपोर्ट नगर की व्यवस्थाएं सुधारने सहयोग दें तथा मल्टीलेवल पार्किंग से कोरबा पुराने शहर के व्यवसायिक क्षेत्र तक इलेक्ट्रिक व बैटरीचालित आटो की फ्री सुविधा आमजन को उपलब्ध कराने हेतु अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। बैठक में अपर आयुक्त विनय मिश्रा, चेम्बर अध्यक्ष योगेश जैन, महामंत्री नरेन्द्र अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आरपी तिवारी, उपाध्यक्ष दिनेश राठौर, मुकेश गोयल आदि उपस्थित थे। इस दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने चेम्बर पदाधिकारियों से चर्चा करते हुए कहा कि सुनालिया पुल के पास मल्टीलेवल पार्किंग का कार्य लगभग पूर्ण कर लिया गया है, जल्द ही पार्किंग शुरू होने जा रही है, उन्होंने कहा कि मल्टीलेवल पार्किंग में आमजन अपनी गाडियों की पार्किंग करेंगे, उन्हें पार्किंग से दुकानों तक आने जाने के लिए फ्री आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने की योजना है। बैठक के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने आव्हान करते हुए कहा कि वे अपनी दुकानों, प्रतिष्ठानों के सामने सड़क को कवर करते हुए सीसीटीव्ही कैमरा अनिवार्य रूप से लगवाने हेतु आगे आयें ताकि चोरी व अन्य अपराधों की घटनाओं से बचा जा सके। चेम्बर अध्यक्ष योगेश जैन व अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि शहर के बीचों बीच या टीपी नगर क्षेत्र में फायर ब्रिगेड स्टेशन की व्यवस्था की जानी चाहिए ताकि शहर के किसी भी भाग में आगजनी जैसी घटनाएं घटित होने पर अपेक्षित समय में फायर ब्रिगेड वाहन पहुंच सके तथा आगजनी की घटनाओं से होने वाली भारी हानि से बचा जा सके।



अधिकारियों की बैठक लेते निगम आयुक्त।

**व्यवसायिक काम्पलेक्सों में होगा फायर आडिट**

बैठक के दौरान आयुक्त ने कहा कि दुकानों, प्रतिष्ठानों व व्यवसायिक काम्पलेक्सों में आगजनी आदि की घटनाएं होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है, व्यवसायीबंधुओं से आग्रह है कि वे अपने दुकानों, प्रतिष्ठानों व काम्पलेक्सों में अग्निशामक व्यवस्था हेतु सजग हों, ताकि आगजनी जैसी घटनाएं रोकी जा सके। उन्होने कहा कि प्रशासन द्वारा टीम गठित कर व्यवसायिक काम्पलेक्सों में फायर आडिट कराया जाएगा, अग्निशामक व्यवस्था में लापरवाही पर कार्यवाही भी संभव है।

# 30 करोड़ की धोखाधड़ी आरोपी गिरफ्तार

## अकलतरा शहर के जवाहर नगर का मामला



जब्त बाइक के साथ पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

15 प्रतिशत ब्याज देने का लालच देकर 30 करोड़ की ठगी करने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। मामला अकलतरा शहर के जवाहरनगर का है।

इस संबंध में अकलतरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शिवरीनारायण क्षेत्र के ग्राम कामता निवासी प्रार्थी महेन्द्र कुमार कश्यप, ने थाना अकलतरा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी जान- पहचान प्रमोद कुमार वैष्णव, पिता स्व. मोचन दास वैष्णव, उम्र लगभग 40 वर्ष, निवासी जवाहर नगर अकलतरा जून 2024 में मिला और स्वयं को रियल स्टेट व शेयर मार्केट का कारोबारी बताते हुए हर माह 15 प्रतिशत मुनाफा देने का लालच दिया। आरोपी द्वारा भरोसा दिलाने हेतु अपने नाम से इकरारनामा एवं एचडीएफसी बैंक का 10 लाख का चेक प्रार्थी के नाम दिया गया। प्रार्थी ने अपनी बेटी की शादी हेतु धान बेचकर जमा किए गए 10 लाख नगद आरोपी को दे दिए। कुछ समय पश्चात आरोपी का मोबाइल फोन बंद आने लगा और वह घर से भी फरार पाया गया। कौशल प्रसाद कश्यप से 10 लाख तथा हीरा लाल कश्यप, निवासी चोरभट्ठी से 5 लाख ठगे गए हैं।

# शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक युवक द्वारा युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ दैहिक शोषण किया जा रहा था जब युवती ने शादी करने के लिए कहा तो वह फरार हो गया था। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीकृत कर उसे गिरफ्तार का न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत एक 30 वर्षीय युवती को बालको क्षेत्र में निवास करने वाला ओमप्रकाश प्रजापति पिता मुरलीधर प्रजापति ने शादी का झांसा देकर उसके साथ दैहिक शोषण कर रहा था और जब युवती ने उसे शादी के लिए कहा तो ओमप्रकाश अपने घर पुरगांव सारंगढ़ फरार हो गया था। युवती की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी ओमप्रकाश के खिलाफ अपराध पंजीबद किया था और मुखबीर की सूचना पर सिविल लाइन थाना में पदस्थ सउनि सावित्री कोराम, सउनि दुर्गेश राठौर, आरक्षक योगेश राजपूत, संजय चंद्रा ने पुरगांव में दबिश देकर ओमप्रकाश को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

### दो पक्षों में जमकर मारपीट, किसी भी पक्ष ने नहीं की शिकायत

**कोरबा।** शहर के रिहायशी क्षेत्र निहारिका में रविवार की रात दो पक्षों में जमकर मारपीट की घटना सामने आई है। उक्त घटना की वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रही है लेकिन इस मामले में किसी भी पक्ष में ने पुलिस से शिकायत नहीं की है।

उल्लेखनीय है कि सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत निहारिका में रविवार की रात दो पक्षों में जमकर मारपीट की घटना हुई। जहां दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर जमकर लाठी ठंडा बरसाए हैं और मारपीट की घटना को अंजाम दिया है किसी ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया है जो जमकर वायरल हो रहा है। इस मामले को लेकर जब सिविल लाइन थाना प्रभारी नवीन पटेल से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि मारपीट के घटना की सूचना पेट्रोलिंग पार्टी को दी गई थी, मौके पर पेट्रोलिंग पार्टी गई थी लेकिन पुलिस के पहुंचने के पहले दोनों पक्ष मौके से फरार हो गये थे। किसी भी पक्ष ने अब तक इस मामले की लिखित शिकायत पुलिस से नहीं की है। शिकायत मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

# अवैध धान भंडारण पर प्रशासन की कार्रवाई, 229 बोरी धान जब्त



कार्यवाही के दौरान उपस्थित मंडी के अधिकारी व जप्त धान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

जिले में अवैध धान भंडारण के खिलाफ प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की गई है। कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार सोमवार को को मंडी अमले द्वारा कोरबा, करतला एवं पाली ब्लॉक में औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न स्थानों पर अवैध रूप से संग्रहित 229 बोरी धान जब्त की गई। जब्ती की कार्रवाई मंडी अधिनियम के तहत की गई है। कोरबा एवं करतला ब्लॉक में मंडी सचिव नारायण पटेल एवं मंडी उपनिरीक्षक आकाश भारद्वाज द्वारा किए गए निरीक्षण में ग्राम श्यांग के गोदाम से आयूब मेमन के पास से 39 बोरी (15.60 क्विंटल) तथा श्रवण कुमार अग्रवाल के गोदाम से 25 बोरी (10 क्विंटल) धान पाया गया। इसी तरह ग्राम करतला में अशोक कुमार अग्रवाल के गोदाम से 26 बोरी (10.40 क्विंटल) धान जब्त किया गया। वहीं पाली ब्लॉक में मंडी उपनिरीक्षक दिनेश कुमार द्वारा की गई कार्रवाई में ग्राम राजकम्मा स्थित गोदामों से ऋषभ शर्मा के पास से 35 बोरी (14 क्विंटल) धान पतला एवं रमेश शर्मा के गोदाम से 49 बोरी (19.60 क्विंटल) धान पतला जब्त किया गया। इसके अलावा ग्राम चैतमा में धर्मेंद्र अग्रवाल के गोदाम से 30 बोरी (12 क्विंटल) तथा दशरथ प्रजापति के गोदाम से 25 बोरी (10 क्विंटल) धान बरामद किया गया। इस प्रकार कुल 229 बोरी धान अवैध रूप से संग्रहित पाए जाने पर जब्ती की कार्रवाई की गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध धान भंडारण एवं खरीदी पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और भविष्य में भी इस प्रकार की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### बिजली विभाग की घोर लापरवाही एक साल में भी नहीं सुधार सके खंभा

**मड़वारानी।** 11केवी का तीन खंभा पूरी तरह से झुक गए है जमीन से महज 6 फीट ऊपर है। सोहागपुर सब स्टेशन अंतर्गत आने वाले ग्राम खरहरकुड़ा के पास इस तरह से तीन खंभा झुका हुआ है। विद्युत विभाग की लापरवाही देखने को मिल रही है। यह खंभा कभी भी गिर सकता है। जिससे कभी भी बड़ी हो सकती है। ग्रामीणों ने बताया कि इसकी जानकारी बिजली विभाग को दे दिया गया है इसके बावजूद बिजली विभाग के अधिकारियों ने अभी तक खंभा को सीधा करने में कोई कदम नहीं उठाया है। इससे खामियाजा खरहरकुड़ा के ग्रमीणों को भुगतना पड़ सकता है। 11केवी का तीन खंभा कभी भी गिर सकता है। ग्रामवासियों में डर बना हुआ है। वर्तमान में खेती किसानी का दिन है किसान प्रतिदिन खेत जाते हैं उन्हें डर है कि उनके साथ कोई अनहोनी घटना न हो जाए। उक्त तीनों खंभा लगभग एक साल से झुका हुआ है और जमीन से महज 6 फीट उपर है, इसके बावजूद बिजली विभाग के कर्मचारी एंव अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

# जिले भर के खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने का मिलता है मौका : जयसिंह



पूर्व मंत्री को स्मृतिचिन्ह भेंट करते विकास सिंह।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मन्दयन्ति स्पोर्ट्स सोसायटी द्वारा आयोजित अखिल भारतीय ड्यूज बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के मुख्य आथित्य में सेंट्रल स्टेडियम एसईसीएल में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में देश भर के विभिन्न राज्यों उड़ीसा, झारखंड, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र एवं छत्तीसगढ़ की टीमें भाग ले रहीं हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने मन्दयन्ति स्पोर्ट्स सोसायटी के पदाधिकारियों की तारीफ करते हुए कहा कि ऐसा आयोजन होते रहना चाहिए जिससे जिले भर के खिलाड़ियों को अपना प्रतिभा दिखाने का मौका मिले साथ ही सभी प्रतिभागियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दिये। इस अवसर पर मन्दयन्ति स्पोर्ट्स सोसायटी के अध्यक्ष विकास सिंह, अशोक लोध, महेंद्र सिंह, सुनील शर्मा, राजेंद्र तिवारी,अंकित वर्मा, अनिल प्रजापति, भुनेश्वर कश्यप, युवा कांग्रेस अध्यक्ष राकेश पंकज, बृजभूषण प्रसाद, अमित सिंह, आकाश प्रजापति, नितेश यादव,नारायण यादव,अश्वनी पटेल व बड़ी संख्या में दर्शकगण उपस्थित रहें।

# एचएमएस ने ली सराईपाली परियोजना प्रभावित ग्रामीणों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




तालापार पंचायत भवन में 5 गांवों के सरपंच प्रतिनिधियों की एक विशेष बैठक आयोजित की गई। एसईसीएल की कोरबा परियोजना के अंतर्गत आने वाली सरायपाली खुली खदान के अप्रत्यक्ष और प्रत्यक्ष प्रभावित गांवों जैसे तालापार, धुगुपत्थरा, राहाडीह, सरायपाली, मुंगाडीह, खैरादुबान, बक्साही, दमिया की बैठक कोयला मजदूर पंचायत (एचएमएस) के तत्वाधान में संगठन के केंद्रीय उपाध्यक्ष गजेंद्र पाल सिंह तंवर के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। बैठक में पेयजल की समस्या का स्थाई समाधान, मकान एवं विद्यालयों में खदान में जो ब्लास्टिंग से दरार आई है और भविष्यं में कोई भी अप्रिय घटना घट सकती है जिस पर तत्काल एस ई सीएल कोरबा प्रबंधन द्वारा तत्काल पहल, लगातार प्रभावित गांवों में चिकित्सा शिविर का आयोजन एसईसीएल प्रबंधन द्वारा, स्वसहायता समूहों को एसईसीएल द्वारा प्रदत्त योजनाओं को लाभ मिले और वो आर्थिक रूप से मजबूत बने, प्रत्यक्ष प्रभावित और अप्रत्यक्ष प्रभावितों को तत्काल उनकी योग्यता अनुसार वैकल्पिक रोजगार से जोड़ना, पूर्व के जो मज़दूर कार्यरत थे उनकी सम्पूर्ण बहाली, तालापार गांव में जो खदान से प्रदूषित जल निकासी की जाती है उसका तत्काल समाधान जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में सरपंच संतोष मेश्राम, योगेश राज, दिलहरन मरावी, राजेंद्र कोराम राजकुमार बिंझवार, बसंत सोनी, ओमप्रकाश, संजय नेटी, चंद्रपाल सिंह, मनोज यादव, सत्यनारायण मरावी, सहसराम, अशोक यादव, महेंद्र यादव, अजीत, संजय कुमार, रामचंद्र, योगेश्वर सिंह राज, सनत कुमार देवनारायण जायसवाल, राम खिलावन, फूल शंकर उपस्थित थे।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप



### छुईहापारा में गौ विज्ञान परीक्षा का हुआ आयोजन

**हरदीबाजार।** कटघोरा विकासखण्ड जिला कोरबा अंतर्गत माध्यमिक विद्यालय छुईहापारा में छत्तीसगढ़ राज्य गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति के द्वारा आयोजित गौ विज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। आयोजन के पूर्व संस्था के प्रधानपाठक ब्रम्हानंद राठौर द्वारा बताया गया कि इस दिवस को गौ सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाना है। साथ ही गौ माता के संरक्षण एवं महत्व को बताया गया। साथ ही सभी उपस्थित सदस्यों को गौ मंत्र श्री सुरभ्यै नमः का जप कराया गया पश्चात गौ विज्ञान परीक्षा का आयोजन प्रभारी शिक्षक रमाकांत मार्बल के पर्यवेक्षकीय कार्य पर आयोजित हुआ। उक्त आयोजन में श्रीमती गायत्री राजवाड़े, वरिष्ठ शिक्षिका, एमएससी सदस्य, एमडीएम समूह, शिक्षक एवं छात्र छात्रा उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह का आयोजन 25 को

**कोरबा।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छग रायपुर के निर्देशानुसार 25 जनवरी को 16वाँ राष्ट्रीय मतदाता दिवस पूरे देश, राज्य जिला स्तर, अनुविभाग स्तर, के साथ प्रत्येक मतदान केन्द्रों में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जायेगा। इस अनुक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में 25 जनवरी को शासकीय मिनी माता कन्या महाविद्यालय कोरबा में प्रातः 11 बजे राष्ट्रीय मतदाता दिवस जिला स्तरीय समारोह आयोजित किया जायेगा। जिला स्तरीय राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह के सफल आयोजन के सबंध में श्री दिनेश कुमार नाग,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरबा की अध्यक्षता में 19 जनवरी को जिला पंचायत कोरबा के सभाकक्ष में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में जिले में निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित थीम के राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम का आयोजन 25 जनवरी को जिला स्तरीय राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह के आयोजन सहित, समस्त ग्राम पंचायतों, समस्त शासकीय कार्यालयो, समस्त मतदान केन्द्रों,समस्त आंगनबाडी, समस्त शासकीय शैक्षणिक संस्थानों, महाविद्यालयों में कार्यक्रम होंगे।

### नकिया ग्राम पंचायत के पहाड़ी कोरवा परिवार दूसरी बार पहुंचे जनदर्शन में

# वनांचल क्षेत्र में पीडीएस की व्यवस्था चरमराई तीन माह से पहाड़ी कोरवाओं को नहीं मिला चावल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वनांचल क्षेत्रों में सरकार की पीडीएस व्यवस्था चरमराई हुई है। खाद्य विभाग के अधिकारियों के द्वारा सतत मॉनिटरिंग नहीं किए जाने का खामियाजा वनवासी परिवार भुगत रहे हैं। ग्राम पंचायत नकिया के पहाड़ी कोरवा परिवार सोमवार को जनदर्शन में कलेक्टर से मिलकर उन्हें 3 माह का चावल चना और शक्कर जैसी खाद्य सामग्री नहीं मिलने की शिकायत की। शिकायत के दौरान उन्होंने अपने राशन कार्ड भी कलेक्टर को दिखाया।

**खास बात**

- खाद्य विभाग की सतत मॉनिटरिंग नहीं होने की खुल रही है पोल

जनपद पंचायत कोरबा के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत नकिया के पहाड़ी कोरवा परिवार को बीते नवंबर माह से खाद्य सामग्री का वितरण नहीं हो रहा है। 70 किलोमीटर दूर से जिला मुख्यालय पहुंचे इन पहाड़ी कोरवाओं ने बताया कि चावल नहीं मिलने की समस्या से वह पहले भी कलेक्टोरेट आ चुके हैं और खाद्य विभाग के अधिकारियों से भी मिले हैं उसके बावजूद उन्हें चावल नहीं मिल रहा है। शिकायत के दौरान पहाड़ी कोरवा परिवार की महिला सदस्य भी उपस्थित थी जिनके द्वारा बताया गया कि उन्हें आसपास के गांव में रोजी मजदूरी करने जाना पड़ता है और खाद्यान्न के लिए भी दुकानों से ही चावल खरीदने की मजबूरी होती है। यहां यह बताना आवश्यक होगा कि जिले के लगभग सभी क्षेत्रों से पीडीएस की वितरण व्यवस्था में बरती जा रही लापरवाही की शिकायतें लगातार बढ़ती जा रही हैं। हालांकि जांच के दौरान 2 पीडीएस दुकानों के खिलाफ निलंबन की कार्यवाही जरुर हुई है लेकिन पहाड़ी कोरवा जैसे जनजाति को राशन ना मिलना खाद्य विभाग की कमजोरी साबित हो रही है।


जनदर्शन में शिकायत लेकर पहुंचे पहाड़ी कोरवा परिवार।

**गांव जाकर वितरण करने के थे निर्देश**

जिन ग्राम पंचायतों की पीडीएस दुकान से पारे टोले की दूरी ज्यादा है उन क्षेत्रों में जाकर खाद्यान्न सामग्री वितरण करने के निर्देश तत्कालीन कलेक्टर अजीत वसंत के द्वारा दिए गए थे। शुरुआत में तो पीडीएस दुकानदारों ने इस व्यवस्था का पालन तो किया उसके बाद व्यवस्था जस की तस हो गई। पहाड़ी कोरवा परिवार को 3 माह से खाद्यान्न नहीं मिलने का मामला इस बात को साबित करता है कि उनके गांव जाकर खाद्यान्न वितरण नहीं किया जा रहा है।

**70 क्विंटल का आबंटन**

बताया जाता है कि नकिया क्षेत्र के पीडीएस दुकान को 70 क्विंटल चावल का आबंटन किया गया है जो आसपास के गांव में ही वितरण के दौरान खत्म हो जाता है और पहाड़ी कोरवा परिवार गांव से दूर पहाड़ में निवास करते हैं। ऐसी स्थिति में गांव के पीडीएस दुकान तक वे नहीं पहुंच पाते और तब तक वितरण भी खत्म हो जाता है। सवाल यह खड़ा होता है कि अगर 70 क्विंटल चावल का आबंटन किया जाता है तो नकिया पंचायत के अंतर्गत आने वाली पारा टोलों के निवासियों को आखिर क्यों नहीं मिल पा रही है खाद्य सामग्री।

## अनिल बने छत्तीसगढ़ विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन के प्रांतीय अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छग राज्य विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन (जेयू) की प्रांतीय कार्यकारिणी का पुनर्गठन रायपुर के गुढ़ियारी स्थित कल्याण भवन में सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। इस बैठक में प्रदेशभर से पहुंचे सौ से अधिक पदाधिकारी और सदस्य शामिल हुए। अम्बिकापुर, रायगढ़, कोरबा, जांजगीर, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, भिलाई, जगदलपुर और कांकेर सहित कई जिलों की सक्रिय भागीदारी रही। पुनर्गठन के तहत कोरबा निवासी अनिल द्विवेदी को सर्वसम्मति से प्रांतीय अध्यक्ष चुना गया। वहीं धमतरी के अजय बाबर को पुनः प्रांतीय महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। नई प्रांतीय कार्यकारिणी का कार्यकाल मार्च 2026 से 2029 तक रहेगा। गठन के बाद अपने पहले उद्बोधन में प्रांतीय अध्यक्ष अनिल द्विवेदी ने कहा कि संगठन बेहतर तालमेल और समर्पण के साथ कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि प्रबंधन के साथ शीघ्र बैठक कर कर्मचारियों से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर ठोस चर्चा की जाएगी। वहीं महासचिव अजय बाबर ने बताया कि शेष रिक्त पदों पर जल्द नियुक्तियां कर कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा तथा एक वर्ष के भीतर प्रदेश के सभी क्षेत्रों का दौरा किया जाएगा।


नवनियुक्त पदाधिकारी।

## नरेश टंडन बने प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी



**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय की अनुशंसा पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष दो सनम जांगड़े के द्वारा जिला कोरबा के वरिष्ठ भाजपा नेता नरेश टंडन को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रदेश प्रभारी प्रशिक्षण बनाया गया है।

## शादी समारोह में जाने निकला था युवक नाले के समीप मिली लाश

**कोरबा।** एक 20 वर्षीय युवक अपने मोटरसाइकिल में सवार होकर शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहा था जहां बीच रास्ते में वह हादसे का शिकार हो गया। जहां डायल 112 की मदद से उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। हादसा कैसे और किन स्थिति में हुआ यह स्पष्ट नहीं हो पाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसारदर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सेमीपाली निवासी योगेश्वर कुमार 20 वर्ष पिता माखन कंवर अपने मोटरसाइकिल में सवार होकर बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रुकबहरी शादी समारोह में शामिल होने के लिए घर से निकला था बताया जाता है कि सेमीपाली हाउसिंग बोर्ड नाला के समीप योगेश्वर बाइक सहित गिरा हुआ था।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षो से
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 17 मार्च से 27 मार्च 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411

आपका विश्वसनीय "गौरव हॉस्पिटल"
अब इन संस्थाओं एवं इंश्योरेंस कंपनियों से अनुबंधित है
"कैशलेस सेवा का लाभ लें" हृदय एवं नेत्र रोग के लिए
CSPDCL छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड
ADITYA BIRLA CAPITAL HEALTH INSURANCE
FUTURE GENERALI TOTAL INSURANCE SOLUTIONS
MedSave INDIA
AKNA HEALTH INSURANCE TPA PVT. LTD.
Chola MS GENERAL INSURANCE
BAJAJ Allianz General Insurance Co. Ltd.
acko
GENERALI Central INSURANCE
digit
HDFC ERGO GENERAL INSURANCE
ICICI Lombard GENERAL INSURANCE
IFFCO-TOKIO GENERAL INSURANCE Muskurate Raho
kshema General Insurance
Liberty General Insurance
MAGMA HDI General Insurance Company Ltd.
नेशनल इंश्योरेंस National Insurance
navi HEALTH INSURANCE
RAHEJA QBE
RELIANCE General Insurance
Royal Sundaram General Insurance
SBI general INSURANCE SURAKSHA AUR BHAROSA DONO
SHRIRAM General Insurance BE INSURED... REST ASSURED
TATA AIG INSURANCE WITH YOU ALWAYS
यूनाइटेड इंडिया UNITED INDIA
Universal Sompo General Insurance Co. Ltd.
zuno
ZURICH kotak General Insurance
care HEALTH INSURANCE
Manipal Cigna Health Insurance
niva Bupa Health Insurance
STAR Health Insurance Personal & Caring The Health Insurance Specialist
Narayana Health Insurance
Galaxy HEALTH INSURANCE
Gaurav Hospital
ईमानदार कोशिश... हमेशा!
डॉ. शिफा असलम
एम.एस. (ऑफ्थेलमोलॉजी)
फेको, फेलो शंकर नेत्रालय, चेन्नई
सीनियर सर्जन,
साधुराम आई हॉस्पिटल, हैदराबाद
गौरव सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के QR कोड को स्कैन करिये एवं स्वस्थ सम्बन्धी सभी जानकारी पायें।
स्थान: होली क्रॉस स्कूल के सामने, मंगला चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
62 63 13 14 90
डॉ. असलम आरिफ
एम.डी., डी.एन.बी. (कार्डियोलॉजी), एफएससीआई, एफईएससी,
पूर्व सीनियर हृदयरोग सलाहकार, मेडीसीटी हॉस्पिटल, हैदराबाद,
(हृदय रोग विशेषज्ञ)
AdPRAYAS